# हिरन नदी उद्‌गम स्थल झोरा झरना का दिखा अस्तित्व

## आदर्श ग्राम पंचायत रामगढ़ नं.-2 में हिरन नदी के उद्गम स्थल पर हुआ वृहद बोरी बंधान



**नवभारत न्यूज**

**सीधी, 25 दिसम्बर। हिरन नदी उद्गम स्थल झोरा झरना में बोरी बंधान कर श्रमदान करने से उसका व्यापक अस्तित्व नजर आने लगा। हिरन नदी अपने उद्गम स्थल से सीधी शहर से भी प्रवाहित होती है। हिरन नदी को उसका पुराना अस्तित्व प्रदान कराने के लिये नवभारत द्वारा अभियान चलाया जा रहा है।**

अभियान का असर भी अब नजर आने लगा है। म.प्र. जन अभियान परिषद् द्वारा चलाए जा रहे प्रदेशव्यापी जल संचय अभियान के अंतर्गत विकासखंड सीधी की आदर्श ग्राम पंचायत रामगढ़ नं.2 में हिरन नदी के उद्गम स्थल झोरा झरना पर वृहद स्तर पर बोरी बंधान एवं जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सीएमसीएलडीपी छात्रों, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारियों, परामर्शदाताओं, नवांकुर संस्था एवं समाजसेवियों द्वारा सामूहिक श्रमदान किया गया। यह आयोजन म.प्र. जन अभियान परिषद् संभाग समन्वयक रीवा एवं अतिरिक्त जिला समन्वयक प्रभारी सीधी प्रवीण पाठक के निर्देशन में सेक्टर सीधी की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रामगढ़ नं.2 एवं नवांकुर संस्था रश्मि दिव्यांग सेवा समिति के तत्वाधान में संपन्न हुआ, जिसमें सैकड़ों की संख्या में सहभागियों ने जल संचय हेतु बोरी बंधान किया। इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रामगढ़ नं.2 के अध्यक्ष एवं परामर्शदाता अमित कुमार गौतम स्वतंत्र ने जन संवाद करते हुए कहा कि जल संचय से पर्यावरण संरक्षण के साथ जल संकट से होने वाले दुष्प्रभावों को रोका जा सकता है। इससे जंगल, वनस्पति एवं जीव-जंतुओं की सुरक्षा होती है तथा कृषि उत्पादन बढ़ने के साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित होते हैं। परामर्शदाता विनय तिवारी ने बताया कि सेक्टर सीधी अंतर्गत नवांकुर संस्था रश्मि दिव्यांग सेवा समिति द्वारा प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारियों के साथ मासिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें जन अभियान परिषद् द्वारा संचालित कार्यक्रमों एवं शासन की योजनाओं से आमजन को जोड़ने तथा गांव-गांव जल स्त्रोतों पर बोरी बंधान कर जल संचय करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में रश्मि दिव्यांग सेवा समिति की अध्यक्ष ज्योति पटेल, सचिव अमृता सिंह, परामर्शदाता विनय तिवारी, अमित कुमार गौतम स्वतंत्र, पूजा पाण्डेय, अजीत वर्मा, अश्वनी पटेल, प्रस्फुटन समिति रामगढ़ के सचिव प्रवीण शुक्ल, सामाजिक न्याय विभाग से प्रभात शुक्ल, प्रस्फुटन समिति शिवपुरवा नं.1 अध्यक्ष राजेश्वरी सिंह, सचिव तुलसी विश्वकर्मा, प्रस्फुटन समिति कुकड़ीझर अध्यक्ष आशा साकेत, प्रस्फुटन समिति रामपुर अध्यक्ष रामलाल साहू, नगर विकास समिति वार्ड-10 से अंशिका द्विवेदी, विपिन कुमार, सीएमसीएलडीपी छात्र, समाजसेवी, संस्था एवं समितियों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रशासनिक कार्य शुरू होने की दरकार

हिरन नदी के उद्गम स्थल झोरा झरना के आगे नदी का प्रवाह समुचित तरीके से शुरू हो इसके लिये प्रशासनिक कार्य भी शुरू होने की दरकार है। जिससे उसके उद्गम स्थल से नदी का प्रवाह समुचित तरीके से शुरू होकर आगे बढ़े। स्वयंसेवी संस्थाओं एवं समाजसेवियों की मदद से उद्गम स्थल में पूर्व में भी श्रमदान के माध्यम से कार्य किये गये हैं। अब उद्गम स्थल को पूरी तरह से पुनर्जीवित करने के लिये मशीनों के माध्यम से कार्य कर नदी के स्वरूप को पुराने रूप में लाने की मांग शहरवासियों द्वारा की जा रही है। जिससे हिरन नदी जो कि शहरी क्षेत्र में सिकुड़ चुकी है उसको नदी के स्वरूप में लौटने की जरूरत है। यह काम प्रशासन के सहयोग के बिना संभव नहीं है। इस वजह से आगे के कार्य को प्रशासन द्वारा मशीनों के माध्यम से किया जाय जिससे हिरन नदी फिर से अपने पुराने स्वरूप में लौट सके।




# सांसद खेल महोत्सव में 5 विकेट से जीत कर नौढ़िया इलेवन बनी विजेता

## हनुमानगढ़ रही उपविजेता

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 25 दिसम्बर। छत्रसाल स्टेडियम में खेले जा रहे सांसद खेल महोत्सव का फाइनल मुकाबला गुरुवार को हनुमानगढ़ बनाम नौढ़िया इलेवन के बीच खेला गया। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हनुमानगढ़ की शुरुआत खराब रही, 19 रनो के स्कोर पर 8 खिलाड़ी पवेलियन लौट गए थे।**

हनुमानगढ़ की ओर से देवकीनंदन पाण्डेय ने एक मोर्चा संभाले रखा और 14 ओव्हर तक टीम का स्कोर 60 रनों तक पहुंचाया। 2 ओव्हर शेष रहते हनुमानगढ़ की पूरी टीम आउट हो गयी। 61 रनो के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नौढ़िया इलेवन की धमाकेदार शुरुआत हुई। संजय खान शेखू ने 33 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। 7 ओव्हर 4 गेंद में 5 विकेट के नुकसान पर नौढ़िया इलेवन ने मुकाबले को अपने नाम करते हुए विजेता टीम बनी। मैच के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष देवकुमार सिंह द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्राफी व दोनों टीम के सभी खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह दिया। नौढ़िया टीम के संजय खान को मैन ऑफ द मैच और पूरे मैच मे अच्छा प्रदर्शन करने वाले हनुमानगढ़ के संजीव चौबे को मैन ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। मुख्य अतिथि ने विजेता एवं उपविजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि विजेता टीम आज विजेता हैं आगे भी विजेता रहिये, लगातार प्रैक्टिस करते रहिये। उपविजेता टीम को हताश नही होना है आज आप उपविजेता हैं कल विजेता बनेंगे। प्रधानमंत्री मोदी जी का सपना है कि गांव से भी खिलाड़ी आएं और राष्ट्र तक खेलें। कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक व समाजसेवी डॉ.अनूप मिश्रा, पूर्व नपा उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह चौहान, डॉ.मनोज सिंह परिहार, सूर्यप्रताप सिंह, रजनीश शुक्ला, मुनिराज विश्वकर्मा, ललन सिंह चौहान, उपेन्द्र सिंह, के.के.तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। मैच को सम्पन्न कराने में संयोजक चंदन मिश्रा, कौशलेन्द्र सिंह, एम्पायर अमित रजत सिंह, हिमांशु सिंह, विक्की परिहार एवं रुपेश द्विवेदी दादू रहे। स्कोरर हर्ष गुप्ता एवं अंकित भारती तथा कमेंटेटर सत्यम द्विवेदी, एच.के.शर्मा सहित कमेटी के अन्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा। कमेटी के सभी सदस्यों एवं अतिथियों को भी स्मृति चिन्ह दिया गया। पूरे मुकाबले में जिले भर के कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया था।

# उज्वल योजना : स्वच्छ रसोई, सशक्त नारी

**सीधी 25 दिसम्बर।** भारत सरकार ने प्रधानमंत्री उज्वला योजना (पीएमयूवाय) 3.0 के अंतर्गत देशभर में 25 लाख नए नि:शुल्क घरेलू एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने का निर्णय लिया है। यह योजना गरीब एवं वंचित परिवारों की महिलाओं को स्वच्छ, सुरक्षित एवं किफायती रसोई ईंधन उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे महिलाओं के स्वास्थ्य, सम्मान और जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के निर्देशानुसार अनुसूचित जनजाति बहुल जिलों में प्रधानमंत्री उज्वला योजना के विस्तारित चरण-2025 के अंतर्गत योजना के लाभों के प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता पर विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक पात्र महिलाएं योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। प्रधानमंत्री उज्वला योजना की शुरुआत मई 2016 में गरीब परिवारों की महिलाओं को बिना जमा राशि के एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई थी। योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं को बिना किसी प्रतिभूति राशि के एलपीजी सिलेंडर, प्रेशर रेगुलेटर, सुरक्षा होज एवं घरेलू गैस उपभोक्ता कार्ड प्रदान किया जाता है। इसके साथ ही तेल विपणन कंपनियों द्वारा नि:शुल्क गैस चूल्हा एवं पहला रिफिल भी उपलब्ध कराया जाता है। योजना में किसी प्रकार का प्रशासनिक शुल्क नहीं लिया जाता।

# सोमालोब का राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित हुआ, देश भर के 57 साहित्यकारों का रहा जमावड़ा



**नवभारत न्यूज**

**सीधी 25 दिसम्बर। स्थानीय रोली मेमोरियल हाल में 24 दिसम्बर को सोंधी माटी लोनी बघेली साहित्यिक मंच मुख्यालय सीधी म.प्र. का आठवां वार्षिक बघेली महोत्सव 2:30 बजे से लेकर रात 10 बजे तक चला। इस अवसर पर सभी कवियों को स्मृति चिन्ह फाइल फोल्डर तथा प्रमाणपत्र देकर मंचस्थ अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।**

डॉ दिव्यांशी गौतम रीवा की थीसिस का लोकार्पण हुआ, जिसने डॉ.श्रीनिवास शुक्ल सरस का बघेली विकास में योगदान विषय पर पीएचडी की है। उसे अतिथियों द्वारा मंच पर शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं धनराशि देकर सम्मानित किया गया। कटनी से पधारे लक्ष्मीप्रसाद तिवारी की पुस्तक आपन विंध्यप्रदेश, सीताशरण की कृति स्वप्न का सत्य और डॉ.श्रीनिवास शुक्ल सरस की पुस्तक लोक पुराण का विमोचन हुआ। लगभग 57 कवियों के जमावड़े में देश और प्रदेश से आये कवियों से मंच सजा रहा। डॉ.शुक्ल संस्थापक अध्यक्ष सोमालोब ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में श्रीमती रीती पाठक विधायक सीधी ने बघेली में कहा कि अपने बोली भाषा और संस्कृति का संवर्द्धन हम नही करेंगे तो कोई और करेगा। क्योंकि बघेली भाषा बघेली संस्कृति, बघेली साहित्य और सोमालोब पटल अपना है। इसके उन्नयन के लिए हम सबको कमर कसकर तैयार रहना चाहिए। सोमालोब के उत्थान के लिए उन्होने एक लाख रुपये के अनुदान देने की घोषणा की। मुख्य अतिथि तपस्वी छावनी पीठाधीश्वर जगदगुरु परमहंस आचार्य अयोध्या धाम ने कहा कि अपनी सनातन संस्कृति, सनातन धर्म और अपनी मातृभाषा को आज के समय में संरक्षित करना सबका धर्म है। एड.इन्द्रशरण सिंह चौहान ने कहा कि हम भाग्यशाली हैं कि हमारे विंध्य में भगवान राम 12 वर्ष तक रमें। विशिष्ट अतिथि चन्द्रमोहन गुप्त ने सोमालोब के आयोजन की सराहना की। लक्ष्मीप्रसाद तिवारी छग ने कहा कि बघेली अब काफी मजबूत हो चुकी है जिसमें सभी पटल के कवियों की सहभागिता है। एड.लालमणि सिंह एवं मुकुटधारी सिंह ने माल्यार्पण से अतिथियों का स्वागत किया। अंजनी सिंह सौरभ, ब्रजेश, हरिविलास गुप्त हरि, शलभ, रोहित, भास्कर, प्रखर, राजन, अंकुर, विकट अजीता, कायल आदि की सहभागिता महनीय रही। आभार ज्ञापन राजबहोर पाठक मनोज ने किया। प्रथम सत्र का संचालन डॉ.शिवार्चन शुक्ल मधुर और कवि सम्मेलन का सफल संचालन रमाकांत द्विवेदी सावन ने किया।

# मप्र . शिक्षक संघ ने प्राचार्य शाउमावि . क्रमांक -2 का किया सम्मान




**नवभारत न्यूज**

**सीधी 25 दिसम्बर। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला इकाई सीधी के द्वारा 24 दिसम्बर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 के प्राचार्य रामाधार पांडेवा का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।**

जिलाध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय ने बताया कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के निर्देशानुसार म.प्र. शिक्षक संघ के द्वारा पूरे प्रदेश में 1 सितम्बर 2025 को हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम मनाया गया। प्रांत के निर्देशानुसार संघ के द्वारा प्रत्येक विद्यालय में जाकर प्राचार्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया जाने का निर्देश था, जिसके तारतम्य में यह कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। प्राचार्य क्रमांक 2 श्री पांडेवा एक निष्ठावान, ईमानदार और कार्य कुशलता की श्रेणी में जिले के प्राचार्य माने जाते है। उनकी पदस्थापना 17 मार्च 2023 को क्रमांक 2 में हुई, तब से निरंतर विद्यालय का पठन-पाठन एवं बोर्ड परिक्षाओं का परिणाम उत्कृष्ट रहा। शिक्षक संघ द्वारा धन्यवाद कार्यक्रम प्रत्येक विद्यालय में मनाया जाएगा। इस मौके पर संभागीय कार्यकारिणी सदस्य सुभाषचंद्र द्विवेदी, जिला सचिव रामजी शुक्ला, महिला उपाध्यक्ष सुश्री निकिता सोनी, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र तिवारी, जिला कार्यकारणी सदस्य बालेंदु शेखर द्विवेदी, ब्लॉक इकाई सीधी अध्यक्ष कुमुद पाण्डेय के साथ राकेश वर्मा, शैलेन्द्र पाण्डेय, योगेश तिवारी, नितेश मिश्रा, अनिल द्विवेदी, विकाश शर्मा एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# कपुरी कोठार भरतपुर में विशाल भंडारे के साथ श्रीराम कथा का समापन

## अंतर्राष्ट्रीय कथाव्यास ने श्रीराम कथा को दिया विराम, श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब



**नवभारत न्यूज**

**बघवार 25 दिसम्बर। कपुरी कोठार भरतपुर में आयोजित भव्य श्रीराम कथा का आज नौवें दिवस विशाल भंडारे के साथ समापन हुआ। अंतर्राष्ट्रीय कथाव्यास ने श्रीराम कथा को विराम देने से पूर्व कहा कि हरि अनंत, हरि कथा अनंता।**

श्रीराम कथा का वर्णन कर पाना 9 दिवस में संभव नहीं है। इस वजह से किसी भी चरित्र को विस्तार से नहीं गाया गया। मैं ऋषिकेश में साल में एक बार 34 दिवस की रामकथा गाता हूं। उस दौरान भी कथा का विस्तार नहीं रहता। इस बार यह संयोग है कि मई माह में पुरुषोत्तम मास प्रारंभ होगा और इसी दौरान उनके द्वारा गंगा के किनारे 34 दिवस की रामकथा का गायन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जो भी श्रद्धालु सम्मिलित होना चाहते हैं उनका स्वागत है। कथाव्यास ने कहा कि 9 दिवस की रामकथा स्थल कथा के पूर्ण होने के बाद शास्त्र दृष्टि से तीर्थस्थल बन जाता है। कथाव्यास ने अंतिम दिवस भरत की राजगद्दी प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि राजभवन में गुरुदेव वशिष्ट पहुंचे और राज्य के सभी व्यापारी एवं मंत्रीगण भी पहुंचे। व्यापारियों के अर्थ और मंत्रियों के मंत्र से ही कोई भी राज्य खुशहाल हो सकता है और उसका चहुंमुखी विकास भी संभव है। राजगद्दी से पूर्व ही वशिष्ट जी ने भरत को नजदीक बैठाकर नीति के संबंध में चर्चा की। इस दौरान वशिष्ट जी ने कैकेयी की कुटिलता की निंदा की और दशरथ जी के सत्य और प्रेम की प्रशंसा की। वहीं श्रीराम के सील और सौहार्द की सराहना की। कथाव्यास ने कहा कि सत्य जहां सुना न जाए वहां मौन रहना ही उचित है। कई बार सत्य को सुनने का साहस लोग नहीं कर पाते और उस दौरान बड़ा विवाद खड़ा हो जाता है। इससे अच्छा यही है कि सत्य जहां न सुना जाए वहां पूरी तरह से मौन रहना ही उचित है। कथाव्यास ने कहा कि वशिष्ट को मालूम था कि भरत राम प्रेमी हैं इस वजह से उनके द्वारा राज्य के संबंध में कई गूढ़ मंत्रों को बताया गया। भरत ने भी इसको शिरोधार करते हुए कहा कि आप हमारे कुल गुरु हैं आपके द्वारा राज्य के विकास के संबंध में जो भी नीति बताई गई है उसका पूरी तरह से पालन करना उनका धर्म है। वह भले ही भगवान श्रीराम के प्रतिनिधि के रूप में मौजूद रहेंगे लेकिन यहां की प्रजा को राम राज्य का सुख ही मिलना चाहिए। कथा के समापन के पश्चात विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें दूर-दूर से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने पूरी आस्था के साथ प्रसाद ग्रहण किया। विशाल भंडारा के आयोजन के लिए व्यापक इंतजाम किए गए थे। जिससे सभी श्रद्धालुओं को बिना किसी परेशानी के आसानी के साथ भंडारा का प्रसाद मिल सके।

# स्व .चन्द्रप्रताप तिवारी स्मृति व्याख्यान माला का हुआ आयोजन




**नवभारत न्यूज**

**सीधी 25 दिसम्बर। मानस भवन सीधी में आज स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व.चन्द्रप्रताप तिवारी स्मृति व्याख्यान माला स्थानीय मानस भवन सीधी मे सम्पन्न हुई।**

रोजगारोन्मुखी अर्थव्यवस्था से ही भारत का समग्र विकास संभव है विषय पर व्याख्यान माला में मुख्य अतिथि पीएम श्री शासकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.प्रभाकर सिंह ने कहा कि हर व्यक्ति को काम मिले तभी अर्थव्यवस्था सही मानी जाएगी। इंद्रशरण सिंह चौहान ने कहा कि अगर कोई युवा राजनीति करें तो तिवारी जी से प्रेरणा लेना पड़ेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष देवकुमार सिंह ने कहा कि युवाओं को आत्मनिर्भर होना पड़ेगा। द्वारिका दुबे ने कहा कि दास बनकर नही बल्कि स्वामी बनकर काम करो। व्याख्यान माला में जिला पंचायत सदस्य प्रदीप शुक्ला, नगर अध्यक्ष रामपुर रामकुमार साहू, एड.रंजना मिश्रा, भानू पाण्डेय, नारायण तिवारी, अनिल पाण्डेय, भागवत प्रसाद पाठक के साथ अन्य उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत संयोजक डॉ.कैलाश तिवारी ने तथा आभार प्रदर्शन नारायण तिवारी ने किया।



# सहायक राज्य परियोजना प्रबंधक का जिले में द्विदिवसीय भ्रमण

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 25 दिसम्बर। मध्यप्रदेश डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत वंचित वर्ग के लक्षित परिवारों की महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण हेतु संचालित विभिन्न आजीविका गतिविधियों के स्थलीय अवलोकन, निरीक्षण एवं प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा के उद्देश्य से सहायक राज्य परियोजना प्रबंधक (संचार) दिनेश दुबे द्वारा सीधी जिले का दो दिवसीय भ्रमण किया गया। यह भ्रमण 23 से 24 दिसम्बर तक संपन्न हुआ।**

भ्रमण के दौरान एकता सामुदायिक प्रशिक्षण केन्द्र, विकासखंड सीधी में उन्नत पशुपालन विषय पर आयोजित सीएलएफ लीडर एवं पशु सखियों के 3 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में सहभागिता कर रही महिलाओं से संवाद किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण की गुणवत्ता, सहभागिता एवं महिलाओं की आजीविका से जुड़ी आवश्यकताओं पर चर्चा करते हुए उन्हें मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इसके पश्चात विकासखंड रामपुर नैकिन एवं सीधी अंतर्गत ग्राम मड़वा एवं देवगढ़ में आईएफसी अंतर्गत स्थापित बीआरसी तथा स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा संचालित व्यावसायिक सब्जी उत्पादन गतिविधियों का अवलोकन किया गया और गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक सुझाव दिए गए। विकासखंड मझौली अंतर्गत लघु वनोपज के प्रसंस्करण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ग्राम गजरी में स्थापित महुआ लड्डू एवं बिस्किट निर्माण इकाई का निरीक्षण किया गया। साथ ही एक बगिया मां के नाम योजना अंतर्गत श्रीमती मंजू सिंह एवं श्रीमती पुष्पा सिंह के यहां विकसित की गई बगिया का भी अवलोकन किया गया। ग्राम छुही में स्थित आजीविका परामर्श केन्द्र का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ताकि ग्रामीणों को अधिक से अधिक शासकीय योजनाओं की जानकारी एवं लाभ सुनिश्चित किया जा सके। इसके अतिरिक्त जागृति संकुल स्तरीय संगठन के अभिलेखों का निरीक्षण कर आवश्यक सुधारात्मक निर्देश प्रदान किए गए।

# शिक्षा के साथ संस्कार और नवाचार का संतुलन ही जीवन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा : नीरज

## कमला कॉलेज में नेहा और अनुभव के सिर सजा फ्रेशर का ताज, नए छात्रों ने दिखाया अपना टैलेंट




**नवभारत न्यूज**

**सीधी 25 दिसम्बर। नगर के कमला स्मृति महाविद्यालय पड़रा के गिरिजा ऑडिटोरियम में बुधवार को थीम उड़ान 2025-26 के तहत फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें रंगारंग प्रस्तुतियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और विद्यार्थियों की रचनात्मकता ने इस शाम को यादगार बना दिया।**

सीनियर विद्यार्थियों ने आत्मीयता के साथ नए साथियों का स्वागत किया और इस अवसर को अविस्मरणीय बना दिया, वही दूसरी तरफ जूनियर छात्र-छात्राओं ने भारतीय संस्कृति अनुसार मंच पर आकर अपना परिचय देकर सीनियर्स से रुबरु हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि गणेश शिक्षा समिति के अध्यक्ष महेश प्रसाद शर्मा, विशिष्ट अतिथि निदेशक नीरज शर्मा, सहा. निदेशक अरुण ओझा, प्राचार्य गणेश स्कूल अमहा जे.एन.मिश्र, प्राचार्य गणेश स्कूल पड़रा डॉ.महेन्द्र कुमार तिवारी एवं संस्था प्राचार्य डॉ.रोहित सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया। सीनियर छात्रा दिव्या सोनी द्वारा स्वागत वक्तव्य में आगंतुकों, विशिष्टजनों, आयोजकों, स्पॉन्सर्स एवं छात्रों का आत्मीय अभिनन्दन किया गया। मुख्य अतिथि श्री शर्मा ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। निदेशक नीरज शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि फ्रेशर्स पार्टी केवल एक उत्सव नहीं बल्कि यह हमारे नए विद्यार्थियों के लिए मित्रता, सहयोग और सीखने की साझी यात्रा का प्रारंभ है। आप सभी अपनी प्रतिभा और परिश्रम से न केवल अपने भविष्य का निर्माण करेंगेए बल्कि संस्थान का गौरव भी बढ़ाएंगे। शिक्षा के साथ संस्कार और नवाचार का संतुलन ही आपके जीवन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। सहा.निदेशक, संस्था प्राचार्य द्वारा सभी छात्रों को शुभकामना सहित लक्ष्य अनुरूप प्रयासरत रहकर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया गया।

मिस्टर व मिस फ्रेंशर प्रतियोगिता में महाविद्यालय के प्राध्यापक सहित सीनियर छात्रों ने विभिन्न चरणों में 27 प्रतिद्वंदियों का पृथक-पृथक आंकलन किया गया एवं सर्वसम्मति से बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा नेहा शुक्ला को मिस फ्रेशर तथा बीए प्रथम वर्ष के छात्र अनुभव सोनी को मिस्टर फ्रेशर की उपाधि से नवाजा गया। कार्यक्रम के अंत में सीनियर छात्रा निकिता पाण्डेय द्वारा सभी आगंतुकों, विशिष्टजनों, आयोजकों, स्पॉन्सर्स एवं छात्रों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम की रुपरेखा सहायक प्राध्यापक डॉ.मंगलेश्वर गुप्ता द्वारा तैयार की गई।

### कार्यक्रम को सफल बनाने इनकी रही भूमिका

कार्यक्रम को सफल बनाने में दिलीप सिंह परिहार, अवतार कृष्णा, सीनियर छात्रों में अभिषेक शर्मा, आलोक सोनी, सिद्धांत गौतम, शौर्य प्रताप सिंह, यश अवधिया, शुभम सिंह, विवेक कुशवाहा, राकेश जायसवाल, शिवम सिंह चौहान, अमर नारायण गुप्ता, अरुण साकेत, अंकित जायसवाल, उपेन्द्र जायसवाल, अनिल गुप्ता, काजल नामदेव, गोमती सिंह, चंचल सिंह, प्रिया सोनी, श्रेया साकेत, साक्षी साकेत, अंशिका वर्मा, अनुश्री सिंह, अमृता केशरी, अंशिका कुशवाहा सहित अन्य छात्रों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में सभी विभाग के विभागाध्यक्ष व प्राध्यापक सहित समस्त कर्मचारी व छात्र उपस्थित रहे।